माता-पिता एवं परिवारजनों के लिए

HINDI

अपने बच्चों की पठन, लेखन और गणित की पढ़ाई में सहायता

# पठन, लेखन और गणित

आपके बच्चों के जन्म से लेकर
YEAR 8 (आठवें वर्ष) के अन्त तक




MINISTRY OF EDUCATION
Te Tāhuhu o te Mātauranga

# अपने बच्चों की आरंभिक शिक्षा को बढ़ावा देना

जन्म से लेकर उनके स्कूल शुरू करने तक



माता-पिता, परिवारजन तथा समुदायों द्वारा अपने छोटे बच्चे के पढ़ने-लिखने के लगाव को आपस में बाँटा और उसका आनन्द उठाया जा सकता है।

## पाठन, लेखन तथा गणित

पाठन, लेखन और गणित रोज़मर्रा के जीवन का हिस्सा हैं। एक सफल पाठक, लेखक तथा गणितज्ञ बनने की प्रक्रिया जन्म से ही शुरू हो जाती है। छोटे बच्चे जो कुछ भी देखते और करते हैं, उसके माध्यम से वे पाठन, लेखन और गणित के बारे में सीखते हैं।

माता-पिता और परिवारजन आरंभिक वर्षों में अपने बच्चों की पढ़ाई में बहुत ही महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आप अपने बच्चों को पाठन, लेखन और गणित में चतुर बनाने में कई तरह से सहायता कर सकते हैं। ऐसा उनके जन्म लेते ही शुरू हो जाता है।

## रीडिंग (पाठन)

अपने बच्चों के साथ बात करना किसी भी आयु में उनकी शिक्षा के लिए ठीक रहता है। आप और आपके बच्चों के लिए जो सबसे उचित हो उस भाषा का प्रयोग करें।

आरंभिक वर्षों में, बच्चे अनेक प्रकार के लिखित, चित्रित एवं मौखिक संकेतों और चिन्हों को - 'पढना' और समझना सीखते हैं। उसके साथ-साथ ही, वे यह भी सीखते हैं कि शब्द और पुस्तकें खिलवाड़ भरी, विनोदपूर्ण तथा जानकारी से भरी और उत्तेजनापूर्ण होती हैं।

### 0–1 वर्ष की आयु

- अपने बच्चों को चित्रों वाली पुस्तकें दिखाएं और जन्म के तुरन्त बाद से ही पढ़ कर सुनाना शुरू कर दें - इससे उनमें आजन्म पढ़ने का प्रेम उत्पन्न होता है। चित्रों के बारे में बात करें। 6–9 महीने की आयु होने तक, शिशु परिचित वस्तुओं के चित्रों को पहचानना शुरू कर देते हैं।
- अपने शिशु को झुलाते समय लय में झुलाएं, गाने गाएं और उसे तुकबन्दी करके सुनाएं।
- अपनी आवाज की तान को मज़ाकिया बनाएं।

### 1–3 वर्ष की आयु

- लायब्रेरी से पुस्तकें चुनें।
- एक साथ पढ़ने के लिए नियमित समय निकालें।

आरंभिक वर्षों में पढना-लिखना ज्यादातर खेलकूद के माध्यम से होता है - जब भी हो सके, आप एक साथ मिलकर खेलें और खेल को आनन्द भरा बनाएं।

- विभिन्न प्रकार की पुस्तकें पढ़ें, जैसे कि अनुदेश पुस्तिका के साथ-साथ कहानी की पुस्तकें (अकल्पनीय के साथ-साथ कल्पनीय), तथा अन्य लिखित सामग्री जैसे कि पुस्तिकाएं, दुकान की खिड़कियों में नोटिस और संकेत।
- स्वयं पढ़ें - समाचारपत्र, पुस्तकें, मैगज़ीनें - इससे आपके बच्चे को यह देखने में सहायता मिलेगी कि पढ़ना आपके परिवार में महत्त्वपूर्ण है।

### 3–5 वर्ष की आयु

- अक्सर साथ मिलकर कहानियां पढ़ें। अपने बच्चों द्वारा चुनी गई कहानियों को जितनी बार आपके बच्चे सुनना चाहें, उतनी बार दुबारा पढ़ें।
- गाने गाएं और कविताएं पढें तथा साथ मिलकर धुन बनाएं, अपने स्वयं के पारिवारिक गाने बनाएं और तुकबन्दी करें।
- जब किसी कहानी में शब्दों को दोहराया जाता है, तो वाक्य के अन्त में अपने बच्चे द्वारा शब्द का उच्चारण करने के लिए थोड़ा समय रुकें।

अपने घर को एक ऐसा स्थान बनाएं जहाँ आपके बच्चे को लगे कि पाठन को महत्त्वपूर्ण समझा जाता है तथा जहाँ वे - आपके परिवार की भाषा का प्रयोग करते हुए भाषा, कहानी सुनने और सुनाने तथा पुस्तकों से प्रेम करना सीखते हैं ।

पढ़ने के लिए साथ मिलकर विशेष समय निकालें - ऐसा आप और आपके बच्चे के लिए बहुत उचित होता है।

## लर्निंग इन अर्ली चाइल्डहुड एजूकेशन सर्विसिज़ (आरंभिक शैशव शिक्षण सेवाओं में शिक्षा)

आरंभिक शैशव शिक्षण सेवाओं में पाठन, लेखन और गणित बच्चों के रोजमर्रा के अनुभवों का एक हिस्सा हैं। अपनी आरंभिक शिक्षण सेवा और घर में बच्चे पाठन, लेखन और गणित के बारे में अपने विचारों की छान-बीन, प्रयोग और जाँच करते हैं।

आपके बच्चे अगर आरंभिक शिक्षण सेवा में जाते हैं, तो आपके बच्चे घर में क्या करते हैं इस बारे में आपने जो कुछ देखा है उसके बारे में अध्यापक/शिक्षक से बात करके आप सहायता कर सकते हैं। उनसे पूछें कि उन्होंने क्या देखा है और वे आपके बच्चों की पाठन, लेखन और गणित में रूचि को कैसे प्रोत्साहित कर रहे हैं।

आपको अगर अपने बच्चों के शिक्षण में सहायता करने या उनकी तरक्की के बारे में अधिक जानकारी चाहिए, तो उनके अध्यापकों से बात करें। उन्हें सहायता करने में खुशी होगी।

# राइटिंग (लेखन)

आपके बच्चे जब बहुत छोटे होते हैं, तो वे अपनी बातों, विचारों और भावनाओं तथा अनुभवों को कई तरह से व्यक्त करते हैं। बात करना और चित्र बनाना ऐसे दो तरीके हैं, परन्तु बच्चे यह भी सीख रहे होते हैं कि वे ऐसे 'चिन्ह या संकेत' बना सकते हैं, जिन्हें अन्य लोग 'पढ़ और समझ' सकते हैं। यह लेखन की आरंभिक स्थिति होती है।

- अपने बच्चों के लिए पेन, फैल्ट पेन, क्रेयन्स (रंगीन चॉक), पेंसिलें और कागज उपलब्ध कराएं।
- जो चीज मिले उसी से वर्णमाला के अक्षरों को बनाएं, जैसे कि पत्थर, ब्लॉक, बटन, शैल या सीपी।
- अपने फ्रिज पर मैगनेटिक अक्षरों को लगाएं।
- रेत में या फुटपाथ पर बड़े आकार में शब्दों और अक्षरों को लिखें, या उन्हें प्लेडॉ (खेलने वाले आटे) में से बनाएं तथा एक साथ मिल कर जोर से उच्चारण करें।

आपके बच्चे जो कुछ भी चित्रित करते और 'लिखते' हैं उसमें रूचि दिखाएं। अगर आपको उनके बनाए गए चित्र या उनकी कहानियां समझ में नहीं आतीं, तो उनसे इस बारे में पूछें। उनकी लिखाई कैसी दिखाई देती है इस बात की बिल्कुल चिन्ता न करें, इसकी बजाय वे जिस बारे में लिख रहे हैं, वह ज्यादा महत्त्वपूर्ण है।

# मैथामैटिक्स (गणित)

बच्चे प्रतिदिन गणित सम्बन्धी विचारों के बारे में खोज और उनका प्रयोग करते हैं।

आप जहाँ कहीं भी हों वहीं उनकी नमूनों, आकृतियों, आकार, क्रम तथा अँकों पर ध्यान दिला कर उनकी गणित की समझदारी और विश्वास को बढ़ाने में सहायता कर सकते हैं। इसमें आप उनके खेलकूद, रूचियों तथा रोज़मर्रा की गतिविधियों में गणित की बातों को शामिल कर सकते हैं।

यह जरूरी है कि आपके बच्चों को अँकों की आदत पड़ जाए क्योंकि वे आगे चल कर गणित की ज्यादातर कुशलताओं में काम आती है। बच्चे आमतौर पर अँकों का अर्थ समझने से पहले गिनती गिनना सीखेंगे।

- आप जब बच्चों के शरीरों के विभिन्न हिस्सों की ओर संकेत करते हैं तो 'एक' और 'दो' अँकों का प्रयोग करें - एक नाक, एक मुँह, दो कान और दो टाँगें।
- अँकों वाली कहानियों और तुकबन्दियों को पढ़ें, जैसे कि थ्री ब्लाइन्ड माईस, गॉल्डीलॉक्स एन्ड दी थ्री बेयर्स (तीन अन्धे चूहे, गॉल्डीलॉक्स और तीन रीछ)।
- अपने बच्चों की हाथ और पैर की उंगलियों पर एक से पाँच तक गिनें।
- अँकों वाले गानों को गाएं।
- चलते समय, बटन बन्द करते समय, भोजन की मेज लगाते समय, उनके लंचबॉक्स को भरते समय गिनती गिनें।

गणित को उद्देश्य के साथ प्रयोग करें। आपके बच्चे जो कुछ भी करते हैं उसमें गणित को शामिल करके अपने बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करें।

- ऊपर और नीचे जाते समय सीढ़ियों की संख्या को ऊँची आवाज़ से गिनें।
- अँकों का प्रयोग करने वाले कार्ड और बोर्ड के खेल खेलें।
- सबसे लम्बा कौन है? अपने बच्चों और उनके मित्रों या परिवार को एक-दूसरे के साथ खड़ा करें यह देखने के लिए कि कौन सबसे लम्बा है और कौन सबसे छोटा।

अंको को जोर से बोल कर दोहरा कर सीखने में अपने बच्चों की मदद करें - आप और आपके बच्चों के लिए जो सबसे उचित हो उस भाषा का प्रयोग करें। रोज़मर्रा के जीवन में वे जो गिनती गिनते हैं उससे आपके बच्चों को अँकों के समझने में सहायता मिलती है, जैसे कि भोजन के लिए खाने की मेज तैयार करना या कपड़े आदि पहनना।



## स्कूल में शिक्षण

अध्यापक जब बच्चों को अच्छी तरह से जानते हैं, तो वे शिक्षण में अच्छी तरह से उन्हें प्रोत्साहन दे सकते हैं। आपके बच्चे के स्कूल शुरू करने पर उसके बारे में अपनी जानकारी बढ़ाना अध्यापक के लिए एक सबसे पहला कदम होता है। आपके बच्चे को क्या करना अच्छा लगता है और उसकी किन चीजों में रूचि है, इस बारे में अध्यापक से बात करके आप उनकी सहायता कर सकते हैं।

आपके बच्चों के अनेक अध्यापक उनके अर्ली चाइल्डहुड एजूकेशन सर्विस (प्रारंभिक शैशव शिक्षण सेवा) के पोर्टफोलियो के बारे में माता-पिता के साथ बातचीत करने के अवसर की प्रशंसा करते हैं। पोर्टफोलियो से स्कूल शुरू करने में आसानी हो जाती है क्योंकि बच्चे उन्हें अन्य बच्चों और अध्यापकों के साथ बाँट सकते हैं, तथा उन्हें बार-बार पढ़ा जा सकता है।

आपको अगर अपने बच्चों की पाठन, लेखन और गणित में सहायता करने या उनकी तरक्की के बारे में अधिक जानकारी चाहिए, तो उनके अध्यापकों से बात करें। उन्हें सहायता करने में खुशी होगी।

रंगीन चक्र के स्तर मैजेंटा से शुरू होते हैं जहाँ पुस्तकें आसान होती हैं, और लाल, पीले तथा नीले से हरे रंग से गुजरते हुए, हर रंग के साथ थोड़ी मुश्किल और अधिक पेचीदा होती जाती हैं। आपका बच्चा अपने स्कूल के दूसरे और तीसरे वर्ष में संतरी रंग से सुनहरे रंग के स्तरों से गुजरेगा/गुजरेगी।



## रीडिंग (पाठन) READING STANDARD

### स्कूल में एक वर्ष के बाद अगर आपका बच्चा Reading Standard (पाठन के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह रंगीन चक्र के हरे स्तर की पुस्तकों को पढ़ रहा होगा/रही होगी।

आपका बच्चा जिन कहानियों को पढ़ता/पढ़ती है वह उन्हें समझेगा/समझेगी, पहले से ज्ञात अनेक शब्दों का प्रयोग करेगा/करेगी, तथा यह जाँच कर सकेगा/सकेगी कि उसका पाठन सहज सुनाई देता है - बातचीत करने जैसा।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- जिन कहानियों को वह पढ़ता/पढ़ती है उन्हें समझना और उनके बारे में बात करना
- अपने प्रिय हिस्सों के बारे में अन्य लोगों के साथ बात करना
- जिन अक्षर समूहों को वह जानता/जानती है उनका प्रयोग करके जाँच करना या कुछ नए शब्दों की पहचान करना
- आमतौर पर प्रयोग किए जाने वाले अनेक शब्दों की पहचान और उनका प्रयोग करना
- सहजता से पढ़ना
- पढ़ने में आनन्द लेना तथा पढ़ते समय समस्याओं का समाधान करना।

## राइटिंग (लेखन) WRITING STANDARD

### स्कूल में एक वर्ष के बाद अगर आपका बच्चा लेखन के स्टैन्डर्ड के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह पाठ्यक्रम curriculum level 1 के अनुसार लिख रहा होगा/रही होगी।

आपके बच्चे की लिखाई पाठ्यक्रम के अनेक क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के उद्देश्यों के लिए होगी। उसके द्वारा रचित लेखन के कुछ टुकड़ों में विज़िट या भेंट (social sciences) या पालतू जानवर की देखरेख (science) करने के बारे में रिपोर्ट हो सकती हैं। उसने जो कुछ भी लिखा है उसे आपका बच्चा पढ़ और उसके बारे में बात कर सकेगा/सकेगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- यह दिखाने में कि वह जिस बारे में लिखना चाहता/चाहती है उसकी वह बातचीत, ड्राईंग या शब्दों के माध्यम से योजना बना सकता है
- अपनी कहानी को रोज़मर्रा के अनुभवों से जोड़ना
- पाठन द्वारा सीखे गए अनेक शब्दों का प्रयोग करना।

## मैथमैटिक्स (गणित) MATHEMATICS STANDARD

### स्कूल में एक वर्ष के बाद अगर आपका बच्चा Mathematics Standard के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह पाठ्यक्रम के आरंभिक curriculum level 1 के अनुसार अंक, बीजगणित, रेखागणित, माप एवं आँकड़ों के बारे में अपने बढ़ते हुए ज्ञान का प्रयोग करके समस्याओं का समाधान कर सकेगा/सकेगी।

संभव है कि आपका बच्चा अपनी उंगलियों का प्रयोग करके एक से शुरू करके गिनता/गिनती है या वस्तुओं का प्रयोग करके समस्याओं को सुलझाता/सुलझाती है। आपका बच्चा मन ही मन में गिनना शुरू कर सकता/सकती है तथा $3 + 2 = 5$ जैसे अँकों के नमूनों को पहचानना शुरू कर सकता/सकती है।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- 10 तक और उसके बाद 20 तक नम्बरों का प्रयोग करके गणित की समस्याओं को सुलझाना
- 20 तक और उसके बाद 100 तक सीधी और उलटी तरह से गिनती गिनना तथा दिए गए किसी भी नम्बर से पहले और पिछले नम्बर का ज्ञान होना
- नमूनों, आकृतियों और मापों की छान-बीन करना
- वस्तुओं को छाँटना और उनका आयोजन करना
- वह कहाँ है, वहाँ वह कैसे पहुँचा/पहुँची और वह कहाँ जा रहा/रही है, इस बारे में बात करना - "मैं पेड़ के सामने या आगे हूँ", "मैं आपके पीछे हूँ"
- प्रश्नों को पूछ कर और उनका उत्तर देकर रोचक तथ्यों की खोज करना (उदाहरण के तौर पर कक्षा में कितनी कुर्सियां है?)।

**नम्बर या अँक पर ध्यान देना**

स्कूल में आपके बच्चे के पहले वर्ष के दौरान, 60–80 प्रतिशत गणित को पढ़ाने का समय नम्बर (अँक) सीखने पर केन्द्रित होगा।

## अपने बच्चों की पढ़ाई में सहायता करना

# घर में

प्रतिदिन माता-पिता और परिवारजनों के रूप में, अपने बच्चों की पढ़ाई में आप एक बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं, तथा जो कुछ भी वे स्कूल में सीखते हैं, आप उसे पक्का करने में भी उनकी सहायता कर सकते हैं।

YEAR 1

एक साथ कुछ भी करते समय अपने बच्चों से लगातार बात करते रहें। अपने बच्चों से बात करते समय अपनी मातृभाषा का प्रयोग करना उनके सीखने में सहायक होता है।

## रीडिंग (पाठन)

- सभी बच्चों को अच्छा लगता है कि कोई उन्हें पढ़ कर सुनाए, इसलिए उन्हें पढ़ कर सुनाना जारी रखें। अगर चाहें तो आप अपनी मातृभाषा में भी पढ़ सकते हैं।
- आपस में बाँटने के लिए पुस्तकों का चुनाव करने में सहायता के लिए एक साथ लायब्रेरी जाएं
- आप और आपके बच्चों के लिए एक साथ विशेष समय बिताने के लिए पढ़ना एक बहुत अच्छा मौका होता है। पाठन कोः
  - मौन एवं आरामदायक बनाएं
  - अपने बच्चों के नज़दीक बैठने का समय समझें
  - टीवी से दूर हट कर 10–15 मिनट का बाधा रहित समय।

अपने बच्चों को कहानी में जो कुछ भी घटित होता है उसके बारे में बात करने के अवसर दें।



## राइटिंग (लेखन)

- कागज़ या कम्प्यूटर पर - उनके द्वारा बनाए गए चित्रों के बारे में लिखने में आप अपने बच्चों की सहायता कर सकते हैं।
- परिवारजनों या मित्रों को ईमेल या पत्र लिखने में उनकी मदद करें।
- पानी और पेंट ब्रुश का प्रयोग करके फुटपाथ पर लिखते हुए पेंटिंग बनाकर लेखन को दिलचस्प बनाएं।

आपके बच्चे जो कुछ भी लिखते हैं उसके बारे में उनसे बात करें। उसमें रूचि दिखाएं। अगर आपको उनका चित्र या कहानी का विषय समझ में नहीं आता, तो उनसे इस बारे में पूछें।



## मैथमैटिक्स (गणित)

- अपने बच्चों के साथ मिलकर जिगसॉ पज़ल (चित्रखंड पहेली), ताशपत्तों के खेल, बिल्डिंग ब्लॉक तथा बोर्ड वाले खेल खेलें।
- अपने बच्चों को भोजन तैयार करने और परोसने में शामिल करें - "एक मेरे लिए और एक तुम्हारे लिए"। "तुम्हारे और मेरे पास अलग-अलग कितने हुए?" जैसे सवाल पूछें।

आपके बच्चे जब खेलते हैं तो उनकी आरंभिक गणित की समझ का विकास करने के लिए ढेरों गणित शब्दों का प्रयोग करें ("ऊपर", "नीचे", "पहला, दूसरा, तीसरा" "चारों तरफ" "में से होकर या भीतर" "पहले" "बाद में")।अगर आप चाहें तो अपनी मातृभाषा का प्रयोग कर सकते हैं।



### अधिक जानना चाहते हैं?

अपने बच्चे की पढ़ाई और उपलब्धियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी तथा गाइडेंस (मार्गदर्शन) के लिए आप उसके अध्यापक से बात कर सकते हैं।

www.minedu.govt.nz/ParentsSupportingYourChild

रंगीन चक्र के स्तर मैजेंटा से शुरू होते हैं जहाँ पुस्तकें आसान होती हैं, और लाल, पीले, नीले, हरे और संतरी से फिरोज़ी रंग से गुजरते हैं, हर रंग के साथ थोड़ी मुश्किल और अधिक पेचीदा होती जाती हैं। आपका बच्चा अपने स्कूल के तीसरे वर्ष में बैंगनी रंग से सुनहरे रंग के स्तरों से गुजरेगा/गुजरेगी।



## रीडिंग (पाठन) READING STANDARD

### स्कूल में दो वर्ष के बाद अगर आपका बच्चा Reading Standard (पाठन के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह रंगीन चक्र के फिरोज़ी स्तर की पुस्तकों को पढ़ रहा होगा/रही होगी।

आपका बच्चा कथा-साहित्य तथा कथा-साहित्य के अलावा अन्य अकल्पित पुस्तकें घर लेकर आयेगा/आयेगी। ये कहानियां लम्बी होंगी तथा उनमें लेबलों के साथ रेखाचित्र, कुछ परिचित शब्द, कुछ नए विषय या टॉपिक, शब्द तथा वर्णनात्मक भाषा शामिल होंगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- अक्षरों और अन्य शब्दों के बारे में अपने ज्ञान का प्रयोग करके नए शब्दों की पहचान करना
- पूरे वाक्यों को लम्बे विरामों के बिना पढ़ना, और विराम चिन्हों का प्रयोग करना, ताकि पाठन सहज और रूचिकर सुनाई दे
- ध्यान दें कि उन्हें महत्त्वपूर्ण गलती करने का ज्ञान होता है (विशेषकर अगर समझ में आना बन्द हो जाता है) तथा अधिकतर उसे इसका ज्ञान होता है कि उस गलती को कैसे सुधारा जाए
- कहानियों को समझने में सहायता के लिए लेबलों, स्पीच बबल्स (उक्ति चिन्हों), चार्टों और तालिकाओं का प्रयोग करना
- अपने आप मौन रूप से पढ़ना
- यह बताना कि कहानी असली या मनगढ़न्त है, उसके महत्त्वपूर्ण भागों को याद रखना और प्रश्नों का उत्तर देने वाले भागों को ढूंढ सकना।

## राइटिंग (लेखन) WRITING STANDARD

### स्कूल में दो वर्ष के बाद अगर आपका बच्चा Writing Standard (लेखन स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह पाठ्यक्रम curriculum level 1 के अनुसार लिख रहा होगा/रही होगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- कहानियां तथा अन्य प्रकार की लिखाई करना जिसका वह स्कूल और घर में प्रयोग कर सकता/सकती है। इसमें आसान आदेश देना, क्या और कैसे घटित हो रहा है, इसका ब्यौरा देना, लोगों के बारे में और जो कुछ भी उसने किया और देखा है उसका जानकारी के आधार पर या कल्पित रूप से सादा विवरण देना शामिल होते हैं
- पूर्ण विरामों, प्रश्न चिन्हों तथा कैपिटल लैटर्स (बड़े अक्षरों) का अधिकतर सही प्रयोग करना
- कई शब्दों को सही रूप से स्पैल करना (लिखना), तथा अन्य समान शब्दों के बारे में अपने ज्ञान का प्रयोग करके नए शब्द लिखने की कोशिश करना
- लम्बे वाक्य लिखना तथा संयुक्त वाक्य लिखने के लिए सरल कनेक्टिंग (सम्बन्धकारी) शब्दों ("लाईक या के समान" "एन्ड या और") का प्रयोग करना।

## मैथमैटिक्स (गणित) MATHEMATICS STANDARD

### स्कूल में दो वर्ष के बाद अगर आपका बच्चा Mathematics Standard (गणित के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह पाठ्यक्रम curriculum level 1 के अनुसार अँक, बीजगणित, रेखागणित, माप एवं आँकड़ों के बारे में अपने बढ़ते हुए ज्ञान का प्रयोग करके समस्याओं का समाधान कर सकेगा/सकेगी।

आपका बच्चा मन ही मन एक से शुरू करने की बजाय सबसे बड़े अँक से शुरू करके सीधी और उलटी तरह से गिनती गिनेगा/गिनेगी। आपका बच्चा अँकों के साथ सहायता के लिए अपनी उंगलियों का प्रयोग कर सकता/सकती है।

#### नम्बर या अँक पर ध्यान देना

स्कूल में आपके बच्चे के दूसरे वर्ष के दौरान, 60–80 प्रतिशत गणित को पढ़ाने का समय नम्बर (अँक) सीखने पर केन्द्रित होगा।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- 100 तक अँकों का प्रयोग करके समस्याओं का समाधान करना
- 2, 5 और 10 की संख्या में सीधे और उलटे गिनती गिनना
- सरल आकृतियों और पदार्थों के समूहों के ½ और ¼ भाग की खोज करना
- चीजों को आम समूहों में छाँटना और उसने जो कुछ भी किया है उसका विवरण करना
- प्रश्न पूछना और प्रश्नों का उत्तर देना तथा अपने निष्कर्षों को दर्शित करना
- निर्देश देना और उनका पालन करना
- अपने हाथों, पैरों या पेंसिल का प्रयोग करके चीजों को मापना

# अपने बच्चों की पढ़ाई में सहायता करना

YEAR 2


# घर में

प्रतिदिन माता-पिता और परिवार के रूप में, अपने बच्चों की पढ़ाई में आप एक बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं, तथा जो कुछ भी वे स्कूल में सीखते हैं, आप उसे पक्का करने में भी उनकी सहायता कर सकते हैं।

अपने बच्चों के साथ बात करना किसी भी आयु में उनके सीखने में बहुत सहायक होता है। अपनी मातृभाषा और अंग्रेज़ी दोनों का प्रयोग करें - जो भी आप और आपके बच्चों के लिए सही हो।

## रीडिंग (पाठन)

- अपने बच्चों को हर तरह की सामग्री पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें - समाचारपत्र में टीवी गाईड, गलियों के नाम, भोजन के लेबल। सादी पाक-विधियां बहुत अच्छी रहती हैं - साथ ही आपने उसके बारे में जो कुछ भी पढ़ा है वह खाने को भी मिलता है।
- एक साथ लायब्रेरी जाएं और आपस में बाँटने के लिए उनकी मनपसन्द पुस्तकों का चुनाव करने में अपने बच्चों की सहायता करें।
- ध्वनि और शब्दों वाले खेल खेलें, जब भी हो सके तुकबन्दी का खेल खेलें, "आई स्पाई" जैसे कई शब्द खेल खेलें।



घर में पढ़ने को आसान और हँसी-खुशी वाला बनाएं - जिसका आप और आपके बच्चे उत्सुकता से इंतजार करते हैं, एक हँसी-मज़ाक और बात करने का समय।

## राइटिंग (लेखन)

- अपने बच्चों को लिखने के लिए प्रोत्साहित करें - कागज़ या कम्प्यूटर पर। लिखने में उनकी मदद करने में भी कोई बुराई नहीं है। उनकी लगातार प्रशंसा करें, खासकर जब आप अपने बच्चों को कोशिश करते देखते हैं।
- एक फोटो पुस्तक बनाएं और अपने बच्चों से प्रत्येक फोटो में व्यक्तियों के नाम तथा वे क्या कर रहे हैं, उस सहित फोटो का नाम एवं शीर्षक लिखने केलिए कहें।

उनके काम को प्रदर्शित करें। उस पर गर्व करें। उसके बारे में दूसरों के साथ बात करें।

## मैथमैटिक्स (गणित)

- अपने बच्चों की अपने घर और पड़ोस के आसपास अँको को ढूंढने और जोड़ने में सहायता करें, जैसे कि लैटरबॉक्स पर लिखा 7, दूसरे पर लिखा 17 और एक और पर लिखा 27।
- अपने बच्चों के साथ अँको के खेल खेलें खासकर नमूनें का प्रयोग करके तथा सीधे और उलटे गिनती गिनते हुए नमूने बनाएं (जैसे कि 5, 10, 15, 20...और 20, 15, 10, 5)।

गणित रोज़मर्रा के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा आप कई तरह से इसे अपने बच्चों के लिए हँसी-मज़ाक में बदल सकते हैं।



### अधिक जानना चाहते हैं?

अपने बच्चे की पढ़ाई और उपलब्धियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी तथा गाइडेंस (मार्गदर्शन) के लिए आप उसके अध्यापक से बात कर सकते हैं।

# आपके बच्चे की स्कूल में तरक्की

The New Zealand Curriculum

स्कूल में तीन वर्ष बाद

स्कूल में

## रीडिंग (पाठन) READING STANDARD

### स्कूल में तीन वर्ष के बाद अगर आपका बच्चा Reading Standard (पाठन के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह रंगीन चक्र के सुनहरी स्तर की पुस्तकों को पढ़ रहा होगा/रही होगी।

आपका बच्चा जो पुस्तकें घर में आपके साथ पढ़ने के लिए लेकर आता/आती है उनमें कुछ पृष्ट बिना चित्रों के हो सकते हैं तथा कुछ स्थान, घटनाएं, विषय एवं शब्द अपरिचित हो सकते हैं। आपका बच्चा अर्थ को समझने के लिए चित्रों तथा टैक्स्ट (पाठ्य सामग्री) की अन्य विशेषताओं (उप-शीर्षकों, टैक्स्ट बॉक्सों, फुटनोट्स या पाद-टिप्पणियों, ग्लोसरीज़ या पार्श्व-टिप्पणियां, अनुक्रमणिकाएं, रेखाचित्र तथा नक्शे) का प्रयोग कर सकेगा/सकेगी। आपका बच्चा विज्ञान, कला या अन्य पाठ्यक्रमों के क्षेत्रों - जैसे कि कीड़े के जीवन-चक्र के बारे में भी पढ़ रहा होगा/रही होगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- चित्रों या कहानी के अर्थ का प्रयोग करते हुए अपरिचित शब्दों को पहचानना, या उनके अर्थ को समझना
- उसे गलती करने का ज्ञान होना तथा अधिकतर उसे अपने आप सुधार लेना
- कहानी में स्पष्ट रूप से दी गई जानकारी के साथ-साथ कुछ ऐसी जानकारी का भी पता लगाना जो प्रकट नहीं है या सजेस्टिड (इंगित) है
- कहानी के मतलब के बारे में चर्चा करना तथा आपको बताना कि उसने विशिष्ट विषय को पढ़ने के बाद क्या सीखा है, तथा इस बात की जाँच करना कि किसी रूचिकर विषय के बारे में पढ़ते समय उसकी जानकारी लेखक के बराबर है या नहीं।

रंगीन चक्र के स्तर मैजेंटा से शुरू होते हैं जहाँ पुस्तकें आसान होती हैं, और लाल, पीले, नीले, हरे और संतरी से फिरोज़ी और बैंगनी से सुनहरी रंग से गुजरते हैं, हर रंग के साथ थोड़ी मुश्किल और अधिक पेचीदा होती जाती हैं।



## राइटिंग (लेखन) WRITING STANDARD

### स्कूल में दो वर्ष के बाद अगर आपका बच्चा Writing Standard (लेखन स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह पाठ्यक्रम curriculum level 2 के अनुसार लिख रहा होगा/रही होगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- अनुभवों, विचारों एवं जानकारी के बारे में सोचना, उन्हें रिकॉर्ड और व्यक्त करना
- अपने लेखन को बेसिक (आधारभूत) संरचना का प्रयोग करके आयोजित करना, जैसे कि आरंभ, मध्य और अंत के साथ टैक्स्ट लिखना
- पाठ्यक्रम से जुड़े विभिन्न प्रकार के उद्देश्यों के लिए लिखना, जैसे कि social sciences (समाज-विज्ञान) के लिए रिपोर्ट लिखना
- कई सरल (और कभी-कभी पेचीदा) वाक्यों को लिखना जो अपनी शुरूआत और लम्बाई में विविधतापूर्ण होते हैं
- कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग करना जिन्हें खासकर विषय के बारे में और दर्शकों के लिए चुना गया हो
- अधिकतर जिन शब्दों का वह प्रयोग करता/करती है उन्हें सही रूप से लिखता/लिखती है, तथा शब्दों में निहित स्वरों के बारे में अपने ज्ञान का प्रयोग करते हुए अपरिचित शब्दों को लिखने की कोशिश करता/करती है
- विराम-चिन्हों के अपने ज्ञान को बढ़ाना और उसका अधिक बार प्रयोग करना।

## मैथामैटिक्स (गणित) MATHEMATICS STANDARD

### स्कूल में तीन वर्ष के बाद अगर आपका बच्चा Mathematics Standard (गणित स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह पाठ्यक्रम के आरंभिक curriculum level 2 के अनुसार अँक, बीजगणित, रेखागणित, माप एवं आँकड़ों के बारे में अपने बढ़ते हुए ज्ञान का प्रयोग करके पढ़ाई कर सकेगा/सकेगी।

आपका बच्चा अँकों को खंडित करके और बिना गिने इधर-उधर हिलाते हुए गणित की समस्याओं को सुलझाना सीख रहा होगा/रही होगी। उदाहरण के रूप में, 8 + 5 बन सकता है 8 + 2 + 3

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- 1,000 तक के अँकों में नमूनों की खोज करना
- समस्याओं के समाधान के लिए अपने आधारभूत तथ्यों का प्रयोग करना
- आकृतियों और परिमाणों या मात्राओं को बाँटते और उनकी खोज करते समय फ़्रैक्शन्स (विखंडन) के बारे में बात करना
- चीजों को आयोजित करना तथा इस बारे में चर्चा करना कि क्या अलग है और क्या समान है
- नमूने बनाना और उनका विवरण करना
- चीजों और समय को मापना
- निर्देश देना और उनका पालन करना
- किसी घटना के घटित होने या न होने की संभावना के कारणों के बारे में बात करना
- किसी विषय की जाँच-पड़ताल करना, तथा उसने जो भी खोज की है उसके बारे में बातचीत करना।

#### नम्बर या अँक पर ध्यान देना

स्कूल में आपके बच्चे के तीसरे वर्ष के दौरान, 60–80 प्रतिशत गणित को पढ़ाने का समय नम्बर (अँक) सीखने पर केन्द्रित होगा।

# अपने बच्चों की पढ़ाई में सहायता करना

YEAR 3

प्रतिदिन माता-पिता और परिवारजनों के रूप में, अपने बच्चों की पढ़ाई में आप एक बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं, तथा जो कुछ भी वे स्कूल में सीखते हैं, आप उसे पक्का करने में भी उनकी सहायता कर सकते हैं।

# घर में



एक साथ कुछ भी करते समय अपने बच्चों से लगातार बात करते रहें। अपने बच्चों से बात करते समय अपनी मातृभाषा का प्रयोग करना उनके सीखने में सहायक होता है।

## रीडिंग (पाठन)

- प्रतिदिन अपने बच्चों को पढ़ कर सुनाएं।
- आप जहाँ कहीं भी हों अपने बच्चों के लिए पढ़ने के अवसर ढूंढें - संकेत, विज्ञापन वाले बिलबोर्ड, रद्दी डाक, समाचारपत्र, पाक-विधियां।
- अपने बच्चों को स्वयं को पढ़ते हुए दिखा कर दर्शित करें कि पढ़ना आपके लिए कितना मनोरंजक और महत्त्वपूर्ण है।

अक्सर लायब्रेरी जाएं और उनके रूचिकर विषयों के बारे में पुस्तकों का चुनाव करने में अपने बच्चों की मदद करें। उन्हें लायब्रेरी की अवकाश गतिविधियों मे लेकर जाएं।



## राइटिंग (लेखन)

- किसी असली उद्देश्य के बारे में लिखने से आपके बच्चों की लिखने में रूचि बढ़ेगी। धन्यवाद कार्ड भेजने, ईमेल टाईप करने, या छोटे नोटों लिख कर पोस्ट करने में उनकी मदद करें।
- अपने बच्चों को एक कहानी या पौराणिक कथा लिखने के लिए प्रोत्साहित करें और आप साथ मिलकर उसका अभिनय कर सकते हैं।
- कहानियां, कविताएं, पज़ल और कार्ड बनाने के लिए मैगज़ीनों और समाचारपत्रों में से शब्दों और अक्षरों को काटें।

लेखन को रूचिकर बनाएं तथा अपने बच्चों को किसी भी चीज के बारे में, किसी भी समय लिखने के लिए प्रोत्साहित करने के हो सके तो किसी भी बहाने का प्रयोग करें।



## मैथमैटिक्स (गणित)

- अपने बच्चों के साथ मिलकर निर्धारित समय वाली गतिविधियों में भाग लें। आप घड़ी हाथ में लें और वे इस बात की गिनती करें कि एक मिनट में वे कितनी बार गेंद को उछाल सकते हैं।
- सुपरमार्केट में मदद के लिए अपने बच्चों को शामिल करें - उनसे कुछ विशेष चीजें लाने के लिए कहें (मध्यम-आकार का लाल फलियों का टिन, दो लीटर दूध, 250 ग्राम सॉसेज़)।

गणित रोज़मर्रा के जीवन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है तथा आप कई तरह से इसे अपने बच्चों के लिए हँसी-मज़ाक में बदल सकते हैं।



### अधिक जानना चाहते हैं?

अपने बच्चे की पढ़ाई और उपलब्धियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी तथा गाइडेंस (मार्गदर्शन) के लिए आप उसके अध्यापक से बात कर सकते हैं।

www.minedu.govt.nz/ParentsSupportingYourChild

## रीडिंग (पाठन) READING STANDARD

### स्कूल में Year 4 (चौथे वर्ष) के अन्त में अगर आपका बच्चा Reading Standard (पाठन के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह curriculum level 2 के स्तर पर पढ़ रहा होगा/रही होगी।

आपका बच्चा पाठ्यक्रम के सारे क्षेत्रों में अपनी पढाई में सहायता के लिए कई तरह की कल्पित और अकल्पित कहानियों को पढने लगा होगा/लगी होगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- यह जानता/जानती है कि उसे क्या पढ़ना अच्छा लगता है तथा उसके लिए क्या उचित है, इसका चुनाव करना
- वह जो कुछ भी पढ़ रहा/रही है उसे समझना तथा मुख्य विचारों के साथ-साथ जो विचार प्रकट या स्पष्ट नहीं हैं उनके बारे में बात करना
- विभिन्न प्रकार की पुस्तकों में दी गई जानकारी को पहचानना और समझना
- सरलता से पढ़ना, बात-चीत करने जैसा
- पढ़ते समय उसे गलती करने का ज्ञान होना तथा अधिकतर उसे अपने आप सुधार लेना
- जानकारी प्राप्त करने के लिए पढ़ना, जैसे कि प्रश्नों के उत्तर।

## राइटिंग (लेखन) WRITING STANDARD

### स्कूल में Year 4 (चौथे वर्ष) के अन्त में अगर आपका बच्चा Writing Standard (लेखन के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह पाठ्यक्रम curriculum level 2 के अनुसार लिख रहा होगा/रही होगी।

आपका बच्चा पाठ्यक्रम के सारे क्षेत्रों में अपनी पढाई में सहायता के लिए कई तरह की सामग्री को लिखने लगा होगा/लगी होगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- अपने लेखन का प्रयोग अनुभवों, विचारों एवं जानकारी को रिकॉर्ड और व्यक्त करने तथा विचार करने के लिए करना
- विभिन्न उद्देश्यों के लिए अपने आप लिखना
- लेखन का पाठकों के लिए उपयुक्त होने के बारे में ज्ञान होना
- अपने लेखन को अधिकतर पढ़ना और उसमें सुधार लाने के लिए उसे बदलना
- स्पैलिंग (वर्तनी), व्याकरण तथा विराम-चिन्हों की गलतियों पर ध्यान देना तथा अपने लेखन में अधिकतर उन्हें सुधारना
- कम्प्यूटरों, कैमरों, इलसट्रेशन्स (सचित्रीकरण) तथा रेखाचित्रों सहित कई प्रकार से अपने लेखन को प्रकाशित करना।

## मैथामैटिक्स (गणित) MATHEMATICS STANDARD

### स्कूल में Year 4 (चौथे वर्ष) के अन्त में अगर आपका बच्चा Mathematics Standard (गणित के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह पाठ्यक्रम curriculum level 2 के अनुसार अंक, बीजगणित, रेखागणित, माप एवं आँकड़ों के बारे में अपने बढ़ते हुए ज्ञान का प्रयोग करके पढ़ाई कर सकेगा/सकेगी।

आपका बच्चा बुनियादी जमा, घटा तथा गुणा के सादे तथ्यों और अँको के मूल्य के बारे में अपने ज्ञान का प्रयोग करके समस्याओं को सुलझाता होगा/होगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- 1,000 तक के अंकों के साथ काम करना
- 2, 3, 4, 5 और 10 के पहाड़ों के बारे में अपने ज्ञान का प्रयोग करके समस्याओं का समाधान करना
- समूहों, आकृतियों और परिमाणों या मात्राओं के फ्रैक्शन्स (विखंडन) की खोज करना
- नमूने बनाना और उन्हें बनाना जारी रखना तथा नमूने के लिए नियम का विवरण करना
- चीजों को छाँटना और इस बारे में बताना कि उन्हें कैसे समूहों में छाँटा गया है (जैसे कि आकृति एवं आकार)
- लम्बाई, क्षेत्रफल, परिमाण, क्षमता, वजन, तापमान तथा समय को मापने के सबसे उत्तम तरीके का चुनाव करना
- स्थान और दिशा दिखाने के लिए सादे नक्शे बनाना
- उन घटनाओं के बारे में बात करना जिनके होने या न होने की संभावना हो
- जाँच करने के लिए प्रश्नों को गढ़ना, उसके बाद ग्राफ बनाकर अपनी खोज के बारे में विचार-विमर्श करना।

#### नम्बर या अँक पर ध्यान देना

Year 4 के दौरान, 60–80 प्रतिशत गणित को पढ़ाने का समय नम्बर (अँक) सीखने पर केन्द्रित होगा।

## अपने बच्चों की पढ़ाई में सहायता करना

# घर में

YEAR 4

प्रतिदिन माता-पिता और परिवारजनों के रूप में, अपने बच्चों की पढ़ाई में आप एक बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं, तथा जो कुछ भी वे स्कूल में सीखते हैं, आप उसे पक्का करने में भी उनकी सहायता कर सकते हैं।

## रीडिंग (पाठन)

- आपके बच्चे जो कुछ भी पढ़ रहे हैं उनसे कहें कि वे आपको उसके बारे में बताएंः
  - उनका प्रिय चरित्र कौन है और क्यों?
  - उनके विचार में आगे क्या होने वाला है?
- प्रतिदिन अपने बच्चों को पढ़ते हुए सुनें।
- बोर्ड वाले खेल और ताश के पत्तों वाले खेल खेलना भी महत्त्वपूर्ण है। ऐसे खेलों का चुनाव करें जिसे सभी लोग खेलना चाहते हैं।

एक साथ कुछ भी करते समय अपने बच्चों से लगातार बात करते रहें। आप और आपके बच्चों के लिए जो सबसे उचित हो उस भाषा का प्रयोग करें।



अपने बच्चों को वे जो कुछ भी पढ़ते हैं उसे अपने जीवन के साथ जोड़ने का अवसर दें। जब कहानी में उसी तरह की बात होती है, तो उन्हें याद दिलाएं कि वे पहले क्या कर चुके हैं।

## राइटिंग (लेखन)

- अपने बच्चों को कम्प्यूटर का प्रयोग करके ईमेल, जन्मदिन कार्ड, कविताएं, चुटकुले तथा चिट्ठियां लिखने के लिए प्रोत्साहित करें। आप लायब्रेरी में भी कम्प्यूटर का प्रयोग कर सकते हैं।
- समाचारपत्र के बच्चों के भाग में पाये जाने वाले छोटे शब्द खेलों पर साथ मिल कर काम करें।
- शब्दों के साथ खेल खेलें। कुछ रूचिकर शब्दों के बारे में सोचें, नए शब्दों के बारे में विचार-विमर्श करें और डिक्शनरी (शब्दकोश) में शब्दों की खोज करें। इससे लिखते समय आपके बच्चों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले शब्दों की संख्या बढ़ेगी।

एक रोल मॉडल बनें! अपने बच्चों को दिखाएं कि आप कई कारणों से लिखते हैं। उन्हें यह देखने दें कि आपको लिखना रूचिकर लगता है। कभी-कभी उन्हें भी लिखें। अगर आप चाहें तो अपनी मातृभाषा का प्रयोग कर सकते हैं - इससे आपके बच्चे को भी सीखने में मदद मिलती है।

## मैथामैटिक्स (गणित)

रोज़मर्रा की ऐसी कई गतिविधियां होती हैं जिनमें आपके बच्चे भाग ले सकते हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हो सकते हैंः

- अपने बच्चों की अपने घर और पड़ोस के आसपास अँको को ढूंढने और जोड़ने में सहायता करें, जैसे कि घड़ी, लैटरबॉक्स, गति संकेत, दूरी दर्शाने वाले संकेत चिन्ह
- इस बारे में विचार करना कि वे कितने टेलिफोन नम्बरों को याद कर सकते हैं - उनसे इस बारे में बात करें कि कई नम्बरों की श्रृंखला को याद करने में सहायता के लिए वे क्या करते हैं
- यह निश्चित करना कि आपको पार्किंग मीटर में कितने पैसे डालने की जरूरत है और आपको कार में किस समय वापिस आने की जरूरत है, ताकि मीटर की अवधि समाप्त न हो।

आपके बच्चों का गणित की समस्याओं सुलझाना सीखने का तरीका आपके स्कूल के समय से अलग हो सकता है। उनसे कहें कि वे आपको दिखाएं कि वे कैसे सीखते हैं और शिक्षण में उनकी सहायता करें।



### अधिक जानना चाहते हैं?

अपने बच्चे की पढ़ाई और उपलब्धियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी तथा गाइडेंस (मार्गदर्शन) के लिए आप उसके अध्यापक से बात कर सकते हैं।

www.minedu.govt.nz/ParentsSupportingYourChild

आपके बच्चे की स्कूल में तरक्की

The New Zealand Curriculum

पाँच वर्ष YEAR 5 के अन्त में

स्कूल में

## रीडिंग (पाठन) READING STANDARD

### स्कूल में Year 5 (पाँचवे वर्ष) के अन्त में अगर आपका बच्चा Reading Standard (पाठन के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह curriculum level 3 के स्तर पर पढ़ रहा होगा/रही होगी।

आपका बच्चा पाठ्यक्रम के सारे क्षेत्रों में अपनी पढ़ाई में सहायता के लिए कई तरह की कल्पित और अकल्पित कहानियों को पढने लगा होगा/लगी होगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- लम्बी अवधि के लिए पढ़ना
- ऐसी कहानियों को चुनना जो सीखने में उसके लिए सहायक हों तथा मनोरंजन के लिए पढ़ने की कहानियों का चुनाव करना
- जब उसे पढ़ने में कठिनाई होती है और वह मुश्किल कहानियां पढ़ता/पढ़ती है तो वह पढ़ने की कौन सी युक्तियों का प्रयोग करता/करती है - जैसे कि जो भाग उसे समझ में नहीं आते उन्हें दुबारा पढ़ना
- जिन शब्दों का उसे ज्ञान नहीं है उनका समस्या या चित्रों से सम्बन्धित अन्य शब्दों अथवा अन्य सुरागों का प्रयोग करके पता लगाना
- किसी भी कहानी में अर्थ के कितने स्तर हो सकते हैं उसे समझना और उनके बारे में विचार-विमर्श करना - जैसे कि अंतर्निहित (छिपे हुए) अर्थों को समझना
- एक ही विषय के बारे में कई कहानियां पढ़ना, और फिर विचार व्यक्त करने या किसी विषय पर लिखते समय उस सारी जानकारी को एकत्र करके सम्मिलित कर सकना
- जिन चीजों के विषय में वह पढ़ता/पढ़ती है उसके बारे में प्रश्नों को पूछना और उनका उत्तर देना
- लिखते समय लेखक ने किस तरह से चुनाव किए हैं उसके बारे में बातचीत करना। लेखक द्वारा चुने गए शब्दों, स्थानों, चरित्रों और विचारों के बारे में बात करना।

## राइटिंग (लेखन) WRITING STANDARD

### स्कूल में Year 5 (पाँचवे वर्ष) के अन्त में अगर आपका बच्चा Writing Standard (लेखन के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह पाठ्यक्रम curriculum level 3 की ओर तरक्की कर रहा होगा/रही होगी।

आपके बच्चे के लेखन से यह दर्शित होगा कि आपका बच्चा पाठ्यक्रम के सारे क्षेत्रों के विषयों के बारे में बातचीत करने, सुनने और पढ़ने से एकत्र की गई जानकारी और अपने अनुभवों को कैसे व्यक्त करता/करती है और इस बारे में उसके क्या विचार हैं।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- अनुभवों, जानकारी एवं विचारों के बारे में सोचने, योजना बनाने, आयोजित करने तथा उन्हें संचारित करने के लिए विभिन्न तरीकों का प्रयोग करना
- उन शब्दों और मुहावरों का प्रयोग करना जो विषय के बारे में हैं और पाठकों के लिए चुने गए हैं
- अपने संदेश या विचारों को लिखित रूप से व्यक्त करने के लिए सबसे उत्तम तरीके का चुनाव करना
- अपने लेखन को आयोजित करना, ब्यौरे का प्रयोग करके मुख्य विचारों का समर्थन करना तथा अनुच्छेदों के प्रयोग से अपने विचारों को वर्गीकृत करना
- अपने लेखन की स्पष्टता एवं प्रभाव में सुधार लाना, अक्सर अन्य लोगों से फीडबैक मिलने के बाद
- अपने लेखन की सही स्पैलिंग (वर्तनी), व्याकरण तथा विराम-चिन्हों के लिए जाँच करना
- कम्प्यूटर टैक्नॉलाजी, मुद्रण या प्रिंट, चार्टों एवं रेखाचित्रों सहित अपने लेखन को प्रकाशित करने के लिए सबसे उत्तम तरीके का चुनाव करना।

## मैथामैटिक्स (गणित) MATHEMATICS STANDARD

### स्कूल में Year 5 (पाँचवे वर्ष) के अन्त में अगर आपका बच्चा Mathematics Standard (गणित के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह curriculum level 3 के आरंभिक पाठ्यक्रम के अनुसार अंक, बीजगणित, रेखागणित, माप एवं आँकड़ों के बारे में अपने बढ़ते हुए ज्ञान का प्रयोग करके पढ़ाई कर रहा होगा/होगी।

आपका बच्चा कई कदमों का प्रयोग करते हुए गणित की समस्याओं का समाधान करेगा/करेगी, जिसके लिए उसे समस्या के समाधान के लिए सबसे उपयुक्त विधि का चुनाव करना पड़ेगा। आपका बच्चा समस्याओं के समाधान के लिए कई प्रकार के प्रस्तावों के बारे में सीख रहा होगा/रही होगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

**नम्बर या अँक पर ध्यान देना**

Year 5 के दौरान, 50–70 प्रतिशत गणित को पढ़ाने का समय नम्बर (अँक) को सीख कर समस्याओं के समाधान के बारे में सीखने पर केन्द्रित होगा।

- (+, −, x, ÷) का प्रयोग करके उपयुक्त विधि का चुनाव करना तथा स्पष्ट रूप से अपनी विधि के बारे में अन्य लोगों को बताना
- अपने बेसिक (आधारभूत) तथ्यों का प्रयोग करके अज्ञात तथ्यों को खोजना तथा समूहों, आकृतियों और परिमाणों के फ्रैक्शन्स (विखंडन) को खोजना
- 2-डाइमेन्शनल एन्ड 3-डाइमेन्शनल (द्विविम एवं त्रिविम) आकृतियों को छाँटना और उनको समूहों में बाँटने के औचित्य को स्पष्ट करना
- नक्शों में ग्रिड के संदर्भो और कम्पॉस के बिन्दुओं का प्रयोग करके वस्तुओं की स्थिति या जगह का वर्णन करना
- आकृतियों के आकार और क्षमता को मापना
- सारे संभावित परिणामों की सूची बनाकर संयोग की धारणा या संकल्पना की छान-बीन करना
- प्रश्नों की जाँच-पड़ताल करना, जानकारी को दर्शाना और आँकड़ों पर विचार करना

## अपने बच्चों की पढ़ाई में सहायता करना

# घर में

YEAR 5

प्रतिदिन माता-पिता और परिवारजनों के रूप में, अपने बच्चों की पढ़ाई में आप एक बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं, तथा जो कुछ भी वे स्कूल में सीखते हैं, आप उसे पक्का करने में भी उनकी सहायता कर सकते हैं।

एक साथ कुछ भी करते समय अपने बच्चों से लगातार बात करते रहें। आप और आपके बच्चों के लिए जो सबसे उचित हो उस भाषा का प्रयोग करें।

## रीडिंग (पाठन)

- अपने बच्चों से विभिन्न प्रकार के पाठन (समाचारपत्र में दिए गए लेख, इंटरनेट की साइटें, कॉमिक, पारम्परिक कथाएं, गाने या उपन्यास) के बारे में बात करें। एक ऐसे समाचारपत्र के लेख की खोज करें जिसमें आप और आपके बच्चों की रूचि हो तथा आप दोनों के लिए वह क्या मायने रखता है इस बारे में बात करें। आप क्या पढ़ रहे हैं और आपको वह क्यों रूचिकर लग रहा है या उसके बारे में क्या चुनौतीपूर्ण है, इस बारे में बात करें।
- नियमित रूप से लायब्रेरी में जाएं। अपने बच्चों की उन पुस्तकों का चुनाव करने में मदद करें जिनमें उनकी रूचि हो या वे जो कुछ भी स्कूल में पढ़ रहे हैं उसके बारे में हों। पढ़ कर सुनाने में भी उन्हें आपकी सहायता पड़ सकती है।

आपके बच्चे चाहे कितने भी बड़े क्यों न हों, आप उन्हें पढ़ कर सुनाते समय एक सबसे महत्त्वपूर्ण काम कर सकते हैं। अगर चाहें तो आप अपनी मातृभाषा में कहानियां पढ़ सकते हैं - इससे आपके बच्चों की पढ़ाई पर जरूर प्रभाव पड़ता है।



लेखन को रूचिकर बनाएं तथा अपने बच्चों को किसी भी चीज के बारे में, किसी भी समय लिखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हो सके तो किसी भी बहाने का प्रयोग करें।

## राइटिंग (लेखन)

- डायरी में उनके अनुभवों, परिवार या मित्रों को या छुटि्टयों के बारे में लिखने में अपने बच्चों की सहायता करें। वे अपने लेखन को को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने के लिए चित्रों, रेखाचित्रों या कट-अप पुस्तिकाओं का प्रयोग कर सकते हैं।
- अपने बच्चों को कुछ लिखें और उन्हें उत्तर में आपको वापिस लिखने के लिए प्रोत्साहित करें। आप उनके साथ ईमेल, आमंत्रण, धन्यवाद पत्र और चुटकुले बाँट सकते हैं - उसे मनोरंजक बनाएं।



## मैथमैटिक्स (गणित)

- पहाड़ों का अभ्यास करें - अपने बच्चों या उनके अध्यापक से पूछें कि आप किन पहाड़ों में उनकी मदद कर सकते हैं।
- अपने बच्चों के साथ मिलकर खेल खेलें -ऐसे ताश और बोर्ड के खेल जो अनुमान लगाने और जाँच करने का प्रयोग करते हैं।

गणित के बारे में सकारात्मक बने रहना आपके बच्चों की पढ़ाई के लिए बहुत ही जरूरी है - भले ही आपको उसमें आनन्द नहीं आया था या स्कूल में आपके उसमें अच्छे नम्बर नहीं आए थे।



### अधिक जानना चाहते हैं?

अपने बच्चे की पढ़ाई और उपलब्धियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी तथा गाइडेंस (मार्गदर्शन) के लिए आप उसके अध्यापक से बात कर सकते हैं।

www.minedu.govt.nz/ParentsSupportingYourChild

## रीडिंग (पाठन) READING STANDARD

### स्कूल में Year 6 ( छठे वर्ष) के अन्त में अगर आपका बच्चा Reading Standard (पाठन के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह पाठ्यक्रम curriculum level 3 के स्तर पर पढ़ रहा होगा/रही होगी।

आपका बच्चा अकल्पित पुस्तकों, चैप्टर (अध्याय) पुस्तकों, मैगज़ीनों और कम्प्यूटर पर जानकारी को पढने लगा होगा/लगी होगी। वह इस प्रकार की कहानियों को पाठ्यक्रम के सारे क्षेत्रों में पढने लगा होगा/लगी होगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- लम्बी कहानियों को ज्यादा तेजी से पढ़ना, और लम्बी अवधि के लिए पढ़ना
- कहानी में आसानी से जानकारी और विचारों के साथ-साथ आसानी से स्पष्ट नहीं होने वाली जानकारी को खोजना - कहानी में उपलब्ध सूत्रों का प्रयोग करना और जिसका ज्ञान उसे पहले से है
- जिन शब्दों का अर्थ उसे मालूम नहीं है उनकी खोज कहानी में प्राप्त सूत्रों या चित्रों और रेखाचित्रों के माध्यम से करना
- "स्किमिंग एन्ड स्कैनिंग" अथवा सरसरी दृष्टि से देखने जैसी (जैसे कि उप-शीर्षकों, मुख्य शब्दों या अनुच्छेदों के पहले वाक्यों) युक्तियों द्वारा महत्त्वपूर्ण विचारों और जानकारी की जल्दी खोज करना
- इस बात का ज्ञान होना कि कभी-कभी उसे अपने काम के लिए जरूरी सारी जानकारी प्राप्त करने के लिए सूचना के कई स्त्रोतों (पुस्तकें, मैगज़ीनें, इंटरनेट) को पढ़ने की जरूरत होती है।

## राइटिंग (लेखन) WRITING STANDARD

### स्कूल में Year 6 (छठे वर्ष) के अन्त में अगर आपका बच्चा Writing Standard (लेखन के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह लेखन के curriculum level 3 के स्तर पर लिख रहा होगा/रही होगी।

आपके बच्चे के लेखन में निम्नलिखित का दर्शित होना जारी रहेगाः

- वह अपने अनुभवों के बारे में कैसे विचार कर रहा/रही है और उन्हें कैसे व्यक्त कर रहा/रही है
- पाठ्यक्रम के सारे क्षेत्रों के विषयों के बारे में बातचीत करने, सुनने और पढ़ने से उसने जो जानकारी एकत्र की है।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- पाठक के अनुकूल लेखन का चुनाव करना
- वह जो कुछ भी लिखने जा रहा/रही है उसकी विभिन्न प्रकार से योजना बनाना
- अनुच्छेदों के साथ-साथ शीर्षकों, उप-शीर्षकों, रेखाचित्रों, चित्रों एवं कैप्शनों का प्रयोग करके अपने लेखन को तर्कसंगत रूप से आयोजित करना
- विषय या उद्देश्य के अनुकूल शब्दों का चुनाव करना और ऐसा बनाना कि उसके लेखन को लोग पढ़ने की इच्छा करें
- अपने लेखन की सार्थकता के लिए जाँच करना
- अधिकतर शब्दों को सही रूप से स्पैल करना तथा उपयुक्त विराम-चिन्हों का प्रयोग करना।

## मैथमैटिक्स (गणित) MATHEMATICS STANDARD

### स्कूल में Year 6 (छठे वर्ष) के अन्त में अगर आपका बच्चा Mathematics Standard (गणित के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह curriculum level 3 के पाठ्यक्रम के अनुसार अंक, बीजगणित, रेखागणित, माप एवं आँकड़ों के बारे में अपने बढ़ते हुए ज्ञान का प्रयोग करके पढ़ाई कर सकेगा/सकेगी।

आपका बच्चा कई कदमों का प्रयोग करते हुए अनेक समस्याओं का समाधान करना सीखेगा/सीखेगी, जिसके लिए उसे समस्या के लिए सबसे उपयुक्त विधि का चुनाव करना पड़ेगा। आपका बच्चा समस्याओं के समाधान के लिए कई प्रकार के प्रस्तावों के बारे में सीख रहा होगा/रही होगी और अँकों एवं नमूनों के बारे में सामान्य कथन लिख सकेगा/सकेगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- जिन अनेक समस्याओं को सुलझाने के लिए उसे सबसे उत्तम विधि का चुनाव करने की जरूरत पड़ती है, उन्हें (+, –, x, ÷ का प्रयोग करके) सुलझाना

#### नम्बर या अँक पर ध्यान देना

Year 6 के दौरान, 50–70 प्रतिशत गणित को पढ़ाने का समय नम्बर (अँक) सीखने पर केन्द्रित होगा।

- फ्रैक्शन्स (विखंडन) वाली समस्याओं के समाधान के लिए अँकों के आधा बाँटने को दोहराना और ज्ञात गुणक तथ्यों का प्रयोग करना
- नमूने में दिए गए अँक के मूल्य को खोजना
- 2-डाइमेन्शनल एन्ड 3-डाइमेन्शनल (द्विविम एवं त्रिविम) आकृतियों को छाँटना, निर्माण तथा पहचान करना
- समय का माप करना तथा चीजों के क्षेत्रफल और क्षमता को खोजना
- नक्शों में ग्रिड के संदर्भों और कम्पॉस के बिन्दुओं का प्रयोग करके निर्देश देना
- विभिन्न दृष्टिकोणों से उद्देश्यों को एकत्र करना
- नमूनों की पहचान करके जाँच-पड़ताल के परिणामों की व्याख्या करना
- किसी घटना के घटित होने की संभावना को जानने के लिए प्रयोग करना।

# अपने बच्चों की पढ़ाई में सहायता करना

YEAR 6

प्रतिदिन माता-पिता और परिवारजनों के रूप में, अपने बच्चों की पढ़ाई में आप एक बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं, तथा जो कुछ भी वे स्कूल में सीखते हैं, आप उसे पक्का करने में भी उनकी सहायता कर सकते हैं।

# घर में

कुछ भी करते समय अपने बच्चों से लगातार बात करते रहें। आप और आपके बच्चों के लिए जो भाषा सबसे उचित हो उस भाषा का प्रयोग करें।

## रीडिंग (पाठन)

- अपने घर में बहुत सी पुस्तकें, मैगज़ीनें तथा समाचारपत्र रखें जिन्हें सारे लोग पढ़ सकें - पुस्तकों और मैगज़ीनों के लिए मेलों या पुस्तकों की पुरानी दुकानों में तथा लायब्रेरी में सेल पर लगी पुस्तकों पर निगाह रखें। अंग्रेज़ी के अलावा अपनी मातृभाषा में भी पुस्तकें रखें।
- आप जब अपने बच्चों को पढ़ कर सुनाते हैं, तो पाठ्य-सामग्री में आए उन शब्दों या विचारों के बारे में बात करें जिन्हें वे पहली बार सुन रहे हों।



अपने बच्चों को रोज पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। पढ़ने को रूचिकर बनाएं और अपने बच्चों की कोशिशों की हमेशा तारीफ करें।

## राइटिंग (लेखन)

- अपने बच्चों की लेखन में रूचि बनाए रखने के लिए उन्हें अपने नायकों, खेल-कूद की घटनाओं, शौक एवं रूचियों के बारे में लिखने के लिए प्रोत्साहित करें।
- सुझाव दें कि आपके बच्चे साप्ताहिक शॉपिंग लिस्ट लिखने, सप्ताहान्त और छुट्टियों में बाहर जाते समय औजारों की सूची बनाने या सप्ताह के लिए काम की सूची बनाने के लिए जिम्मेदार हैं।

आपके बच्चे जो कुछ भी लिखते हैं उसके बारे में बात करें। उनके लेखन के बारे में बातचीत करें और उनकी राय पर ध्यान दें।

## मैथामैटिक्स (गणित)

- +, –, x, ÷ का प्रयोग करते हुए अपने बेसिक या आधारभूत तथ्यों का अभ्यास करने में अपने बच्चों की सहायता करें।
- अपने बच्चों को सुपरमार्केट में सहायता करने में शामिल करें। विभिन्न ब्रान्ड की एक ही चीज के सबसे अच्छे या कम दाम को ढूंढने या वजन करने के लिए चीजों को ढूंढने और दाम तथा वजन की तुलना करने में उनकी सहायता करें।

गणित रोज़मर्रा के जीवन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है तथा आप कई तरह से इसे अपने बच्चों के लिए हँसी-मज़ाक में बदल सकते हैं।



### अधिक जानना चाहते हैं?

अपने बच्चे की पढ़ाई और उपलब्धियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी तथा गाइडेंस (मार्गदर्शन) के लिए आप उसके अध्यापक से बात कर सकते हैं।

www.minedu.govt.nz/ParentsSupportingYourChild

## रीडिंग (पाठन) READING STANDARD

### स्कूल में Year 7 (सातवें वर्ष) के अन्त में अगर आपका बच्चा Reading Standard (पाठन के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह पाठ्यक्रम curriculum level 4 के स्तर पर पढ़ रहा होगा/रही होगी।

आपका बच्चा कई तरह की पुस्तकों और लेखों के आर-पार और पुस्तकों में दी गई जानकारी और विचारों को ढूंढ सकेगा/सकेगी, उन्हें समझ सकेगा/सकेगी और उन्हें एकत्र कर सकेगा/सकेगी। जैसे-जैसे आपका बच्चा ऐसा करता/ करती है, वह अपने स्वयं के प्रश्नों के बारे में विचार कर सकेगा/सकेगी तथा पाठ्यक्रम के सारे क्षेत्रों में से पूछे जाने वाले सवालों का उत्तर दे पाने में समर्थ हो सकेगा/सकेगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- दोनों कल्पित एवं अकल्पित सहित विस्तृत प्रकार की कहानियां पढ़ना, और कई परतों वाले अर्थ को समझना जिसमें जटिल या पेचीदा कथावस्तु, मुश्किल प्रसंग तथा विचार शामिल हों
- अधिकतर शब्दों को समझना तथा कई तरह की युक्तियों का प्रयोग करके ज्यादा मुश्किल शब्दों को जानना। उदाहरण के तौर पर अक्षर-ध्वनि ज्ञान का प्रयोग करके, और शब्दों के जिन हिस्सों और अक्षर के नमूनों को वह पहले से जानता/जानती है उनका प्रयोग करके
- शब्दों को पहचानने के लिए सबसे उत्तम युक्ति का चुनाव करके - उन कई तरह की युक्तियों में से जिन्हे वह पहले से जानता/जानती है - ताकि वह जो कुछ भी पढ़ रहा/रही है वह समझने में उसे सहायता मिल सके
- अधिक मुश्किल शब्दों को समझने में सहायता के लिए व्याकरण की विशेषताओं की पहचान और उनका प्रयोग करके
- वह जो कुछ भी पढ़ रहा/रही है उसके बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी का प्रयोग करके विचार करना और अपनी राय का प्रयोग करके अपनी प्रतिक्रिया देना।

## राइटिंग (लेखन) WRITING STANDARD

### अगर आपका बच्चा Year 7 (सातवें वर्ष) के अन्त में Writing Standard (लेखन के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह लेखन के curriculum level 4 के स्तर की ओर तरक्की रहा होगा/रही होगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- उपयुक्त, स्पष्ट और तर्कसंगत संरचना का प्रयोग करते हुए विशिष्ट दर्शकों एवं उद्देश्यों के लिए लिखना
- विभिन्न प्रकार की युक्तियों का प्रयोग करके सावधानी से अपने लेखन प्रोजैक्टों की योजना बनाना
- ऐसे अनुच्छेदों का प्रयोग करना जो मुख्य विचारों और सहायक ब्यौरे को अनुच्छेद के भीतर तथा एक से दूसरे अनुच्छेद को जोड़ते हैं
- विभिन्न प्रकार की भाषा विशेषताओं और पेचीदा विराम चिन्हों (पंकचुएशन) जैसे कि आलंकारिक (रिटॉरिकल) प्रश्नों, रूपक (मेटाफॉर्स), अर्धविराम (सॅमिकोलन) का प्रयोग करके व्याकरणिक रूप से सही वाक्य लिखना
- विभिन्न प्रकार की युक्तियों का प्रयोग करके वर्तनी के अनुसार (स्पैल्ड) सही शब्द लिखना जैसे कि अक्षर-ध्वनि ज्ञान, वर्तनी के नियम एवं परिपाटी (स्पैलिंग रूल्स एन्ड कन्वेन्शन्स), अर्थ एवं शब्दों के हिस्सों की स्पैलिंग तथा शब्द उदगम, अक्षर के रूप
- यह दर्शित करना कि लिखते समय वह प्रूफ-रीडिंग के साथ-साथ संपादन एवं संशोधन (रिवाइजिंग एन्ड एडिटिंग) कर रहा/रही है।

## मैथामैटिक्स (गणित) MATHEMATICS STANDARD

### अगर आपका बच्चा Year 7 (सातवें वर्ष) के अन्त में Mathematics Standard (गणित के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा है तो...

वह अँक, बीजगणित, रेखागणित, माप तथा सांख्यिकी के बारे में अपने बढ़ते हुए ज्ञान का प्रयोग करके आरंभिक curriculum level 4 की ओर तरक्की करेगा/करेगी।

आपका बच्चा दशमलव, विभंजन एवं प्रतिशत (डेसिमल्स, फ्रैक्शन्स एन्ड परसेन्टिज) का प्रयोग करने वाली गुणन और विभाजन (गुणा और भाग करके) की समस्याओं को सुलझा रहा होगा/रही होगी। उसके पास विभिन्न प्रकार की चिन्तन युक्तियां होंगी वह जिनका प्रयोग गणित की जाँच में सहायता के लिए करेगा।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- जोड़ने और घटाने का प्रयोग करके दशमलव वाली समस्याओं को सुलझाना
- गुणन की कई तरह की विधियों का प्रयोग करके पूरे अँकों और फ्रैक्शन्स (विखंडन) वाली समस्याओं को सुलझाना
- गणित के नियमों की खोज करना एवं साबित करना यह देखने के लिए कि वे हमेशा सत्य हैं या नहीं
- दोहराए गए नमूनों के लिए पहाड़े या तालिका, ग्रॉफ और नियम बनाना
- 2-डाइमेन्शनल एन्ड 3-डाइमेन्शनल (द्विविम एवं त्रिविम) आकृतियों को छाँटना और उनकी समानता एवं विभिन्नता के बारे में विचार करना
- प्रामाणिक मापों का प्रयोग करके समय और पदार्थों को मापना
- आकृतियों के परिमाप, क्षेत्रफल एवं घेरों की खोज करना
- आकृति या नमूनों के भीतर चीजों को कैसे हिलाया गया है इसकी पहचान और वर्णन करना
- ग्रिड के संदर्भो, सादे पैमानों, तथा परकार के बिन्दुओं का प्रयोग करके किसी दी गई जगह का वर्णन करना
- जानकारी की छानबीन करना, छाँटना तथा उसे विभिन्न प्रकार से प्रस्तुत करना और जानकारी में नमूनों एवं असंगतियों की पहचान करना
- संभावित परिणामों के साथ वास्तविक परिणामों के माध्यम से प्रयोग एवं तुलना करके संभावनाओं की खोज करना।

**नम्बर या अँक पर ध्यान देना**

Year 7 सातवें वर्ष के दौरान, गणित शिक्षण का 40–60 प्रतिशत समय नम्बर (अँक) सीखने पर केन्द्रित होगा।

## पढ़ाई में अपने बच्चों की सहायता करना

YEAR 7

प्रतिदिन माता-पिता और परिवारजनों के रूप में, अपने बच्चों की पढ़ाई में आप एक बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं, तथा जो कुछ भी वे स्कूल में सीखते हैं, आप उसे पक्का करने में भी उनकी सहायता कर सकते हैं।

# घर में

## रीडिंग (पाठन)

- अपने बच्चों की रूचियों से सम्बन्धित पुस्तकों और मैगज़ीनों की खोज करें - इससे उन्हें किसी विशेष विषय के बारे में विशेषज्ञ बनने में सहायता मिलेगी। हो सकता है उन्हें जो भी जानकारी मिलती है उसके बारे में वे एक कापी या अन्य कोई रिकार्ड रखना चाहें।
- अपने बच्चों को निम्नलिखित के बारे में पढ़ने और आदेशों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करें:
  - खेल खेलते समय
  - किसी औजार या उसके किसी हिस्से का निर्माण या प्रयोग करना
  - प्रतियोगिता (कॉम्पिटिशन) में प्रवेश करना।

आपके बच्चे जब भी कुछ पढ़ें, हमेशा सकारात्मक व्यवहार करें, चाहे वे कुछ भी पढ़ रहे हों। अपने बच्चों के विचारों का आदर करें क्योंकि इससे यह दर्शित होता है कि वे इस बारे में चिंतन करते हैं कि क्या पढ़ा जाए।

एक साथ कुछ भी करते समय अपने बच्चों से लगातार बात करते रहें। अपने बच्चों से बात करते समय अपनी मातृभाषा का प्रयोग करना उनके सीखने में सहायक होता है।



आपके बच्चे गणित में क्या-कुछ पढ़ रहे हैं, तथा गृहकार्य करने से वे क्या सीख रहे हैं उसे समझने के लिए अपने बच्चों के अध्यापकों से बात करें।

## राइटिंग (लेखन)

- अपने बच्चों को रोचक शब्दों को सुनने और उनका प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। कई तरह के शब्दों का ज्ञान होने से उन्हें कहानियां लिखने में सहायता मिलेगी और जिनका पेचीदापन बढ़ता जाएगा।
- अपने बच्चों के साथ नए शब्दों के बारे में बात करें। अतिरिक्त शब्दों की खोज करने के लिए शब्दकोष (डिक्शनरी) का प्रयोग करें। स्पैलिंग एवं पंकचुएशन (वर्तनी एवं विराम-चिन्ह लगाना) की चेष्टाओं में उनकी सहायता करना। नए शब्दों की स्पैलिंग का पता लगाने के लिए आपके बच्चे जिन युक्तियों का प्रयोग करते हैं उनके बारे में बात करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें।
- छुट्टियों के बारे में डायरी लिखें। छुट्टियों से पहले अपने बच्चों से ऐसी संभव गतिविधियों या कामों की सूची बनाने के लिए कहें जिनमें वे भाग लेना चाहते हैं, जो आपके बजट में आती हैं और उनसे एक एक्टीविटी प्लॉन (गतिविधि योजना) बनाने के लिए कहें।

## मैथामैटिक्स (गणित)

- अपने बच्चों के साथ मिलकर बाहर और भीतर खेलने वाले खेल खेलें। उनसे टेनिस, क्रिकेट, सॉकर, बॉल्स, स्नूकर तथा डार्ट्स के स्कोर रखने में गणित के महत्त्व को समझाएं।
- सारे पहाड़ों को लगातार दोहराने में उनकी मदद करें।
- अपने बच्चों के साथ शहर में लगी सेलों के बारे में बात करें - 25% छूट, 30% छूट, 10% छूट, आधे दाम। सबसे अच्छे दाम की खोज करें और अपने बच्चों के उनकी रूचि की चीजों पर बचत का हिसाब लगाने का खेल खेलें।

अपने बच्चों के इस्तेमाल के लिए रोचक स्टेशनरी खरीदें। रंगीन पेन और पेंसिलों के साथ-साथ विशेष कागज या पुस्तकें लिखने के लिए प्रेरणा का काम कर सकते हैं। उपहार के रूप में डायरी, पुस्तक या नोटबुक दें। घर या लायब्रेरी में - समय निकालने की योजना बनाएं जब आपके बच्चे लिखने के लिए कम्प्यूटर का प्रयोग कर सकें।

### अधिक जानना चाहते हैं?

अपने बच्चे की पढ़ाई और उपलब्धियों के बारे में अधिक जानकारी तथा गाइडेंस (मार्गदर्शन)के लिए, आप उसके अध्यापक से बात कर सकते हैं। पेरेन्ट न्यूमरेसी (माता-पिता अँकगणित) पुस्तिकाओं के लिए कहें।

www.minedu.govt.nz/ParentsSupportingYourChild

## रीडिंग (पाठन) READING STANDARD

### स्कूल में Year 8 (आठवें वर्ष) के अन्त में अगर आपका बच्चा Reading Standard (पाठन के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह curriculum level 4 के स्तर पर पढ़ रहा होगा/रही होगी।

आपका बच्चा कई तरह की पुस्तकों के आर-पार और पुस्तकों में दी गई जानकारी और विचारों को ढूंढ सकेगा/सकेगी, उन्हें समझ सकेगा/सकेगी और उन्हें एकत्र कर सकेगा/सकेगी। आपका बच्चा जैसे-जैसे ऐसा करता/ करती है, वह पाठ्यक्रम के सारे क्षेत्रों में सवालों को पूछने और उनका उत्तर देने में समर्थ हो सकेगा/सकेगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- ऐसी पुस्तकें पढ़नाः
  - जो कहानी के अंशों से सम्बन्धित चित्रों, फोटो, टैक्स्ट बॉक्सों, रेखाचित्रों, नक्शों, चार्टों और ग्राफों सहित हैं
  - जिनकी व्याख्या की जरूरत है, जैसे कि पेचीदा प्लॉट (कथावस्तु), उच्च स्तर (किशोरावस्था) के मूल विषय तथा ॲवस्ट्रैक्ट (अमूर्त या गहन) विचार
- पाठ्यक्रम के सारे क्षेत्रों जैसे कि science (विज्ञान) या social studies (सामाजिक ज्ञान) के विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए पढ़ने हेतु विभिन्न प्रकार की पाठन सामग्री को ढूँढने और उसका प्रयोग करने के लिए उचित दक्षता एवं तकनीकों का चुनाव करना (जैसे कि इंटरनेट)
- वह जो कुछ भी पढ़ रहा/रही है उसे समझने में सहायता के लिए बढ़ती हुई संख्या में विभिन्न प्रकार की युक्तियों का प्रयोग करना
- विभिन्न प्रकार की कुशलताओं का प्रयोग करके अधिक मुश्किल शब्दों को जानना।

## राइटिंग (लेखन) WRITING STANDARD

### अगर आपका बच्चा Year 8 (आठवें वर्ष) के अन्त में Writing Standard (लेखन के स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा है तो...

वह curriculum level 4 के स्तर के अनुरूप लिख रहा होगा/रही होगी।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- लेखन के उद्देश्य के अनुसार भाषा एवं स्पष्ट तथा तर्कसंगत संरचना का प्रयोग करके निर्भर रूप से लिखना
- पढ़ने के बाद उसने जो भी जानकारी प्राप्त की है, उसे किसी विषय या प्रसंग के बारे में अपने शब्दों में लिखने के लिए प्रयोग करना
- ऐसी कहानियां लिखना जो स्पष्ट, संक्षिप्त और पाठ्यक्रम के लिए उपयुक्त (अनुसार) हैं - अधिकतर जिसमें ब्यौरा तथा/अथवा मुख्य विचारों स्पष्ट करने या उसके समर्थन में मत व्यक्त किए गए हैं
- ऐसे अनुच्छेदों को लिखना जिसमें विचार स्पष्ट रूप से सम्बन्धित हैं और अन्य अनुच्छेदों से जुड़े हुए हैं
- पेचीदा वाक्यों का प्रयोग करना जो कि व्याकरणिक रूप से सही हैं
- बेसिक या आधारभूत विराम-चिन्हों को सही रूप से प्रयोग करना तथा कुछ पेचीदा विराम-चिन्हों को प्रयोग करने की कोशिश करना जैसे कि अर्द्ध-विराम, विराम, कोष्ठक (सेमिकॉलन्स, कॉलन्स, ब्रैकेट्स)
- ऐसे शब्दों और मुहावरों का प्रयोग करना जो विषय, पाठक, अवसर तथा उद्देश्य के अनुरूप हों
- इस बात को समझना कि वह कई उद्देश्यों के लिए लिख रहा/रही है और उसे इस बात का ज्ञान है कि ऐसा कैसे किया जाए।

## मैथामैटिक्स (गणित) MATHEMATICS STANDARD

### अगर आपका बच्चा Year 8 (आठवें वर्ष) के अन्त में Mathematics Standard (गणित स्टैन्डर्ड) के अनुसार चल रहा/रही है तो...

वह अँक, बीजगणित, रेखागणित, माप तथा सांख्यिकी के बारे में अपने बढ़ते हुए ज्ञान का प्रयोग करके curriculum level 4 की ओर तरक्की करेगा/करेगी।

आपका बच्चा फ्रैक्शन्स (विखंडन), डेसिमल्स (दशमलव) और परसेन्टेन्ज़ (प्रतिशत) वाली समस्याओं का गुणन की युक्तियों का प्रयोग करके समाधान कर सकेगा। वह समस्याओं को सुलझाने के विभिन्न तरीकों की व्याख्या कर सकेगा/सकेगी। आपके बच्चे के पास विभिन्न प्रकार की चिन्तन युक्तियां होंगी जिनका वह गणित की जाँच में सहायता के लिए प्रयोग करेगा।

**इस स्टैन्डर्ड में सफल होने के लिए आपका बच्चा निम्नलिखित सीखने लगा होगा/होगीः**

- जोड़ने और घटाने का प्रयोग करके दशमलव और पूर्णांक वाली समस्याओं को सुलझाना
- गुणन की कई तरह की विधियों का प्रयोग करके पूरे अँकों और फ्रैक्शन्स (विखंडन) वाली समस्याओं को सुलझाना

**नम्बर या अँक पर ध्यान देना**

Year 8 के दौरान, गणित शिक्षण का 40–60 प्रतिशत समय नम्बर (अँक) सीखने पर केन्द्रित होगा।

- लिनियर एन्ड नॉन-लिनियर (रेखाकार एवं अरेखाकार) सम्बन्धों को दिखाने के लिए पहाड़े या तालिका, ग्रॉफ और नियमों को बनाना और उनका प्रयोग करना
- वस्तुओं को मापना और माप के पैमानों के बीच सादे परिवर्तन करना
- आयतों, चतुर्भुजों, त्रिकोणों के परिमाप एवं क्षेत्रफल तथा क्यूबों के परिमाण की खोज करना
- ट्रांसफोर्मेशन (रूप-परिवर्तन) की जाँच करना और रूप-परिवर्तन के बाद आकृतियां तथा नमूने कैसे बदल जाते हैं, इस बारे में विचार-विमर्श करना
- स्थानों का विवरण करना और कौंटों, सम्बन्धों एवं निर्देशांकों का प्रयोग करके निर्देश देना
- ऐसे आँकड़ों को एकत्र करना और उनका प्रयोग करना जो जानकारी के कई भागों को स्पष्ट करते हैं (जैसे कि आयु और आकार)
- आँकड़ों को छाँटना और उसे विभिन्न प्रकार से प्रस्तुत करना, तथा नमूनों एवं प्रवृतियों पर विचार-विमर्श करना
- फ्रैक्शन्स (विखंडन) का प्रयोग करके संभावित परिणामों के आसारों के बारे में विचार-विमर्श करना

# घर में

प्रतिदिन माता-पिता और परिवार के रूप में, अपने बच्चों की पढ़ाई में आप एक बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं, तथा जो कुछ भी वे स्कूल में सीखते हैं, आप उसे पक्का करने में भी उनकी सहायता कर सकते हैं।

## रीडिंग (पाठन)

- आपके बच्चे जिन विषयों के बारे में स्कूल में पढ़ाई कर रहे हों उनके बारे में समाचारपत्र तथा मैगजीन के लेखों के साथ-साथ इंटरनेट साईटों से जानकारी एकत्र करने में सहायता करना
- इंटरनेट पर आपके बच्चे जो भी पढ़ रहे हैं उसके बारे में उनसे बात करें। उन्होंने क्या सीखा है? अभी भी कौन से प्रश्न बाकी हैं? उपयोगी हो सकने वाली जानकारी को वे और कहाँ से प्राप्त कर सकते हैं?

एक रोल मॉडल बनें (आदर्श प्रस्तुत करें)। अपने बच्चों को देखने दें कि आपको पढ़ने में आनन्द आता है - चाहे वह समाचारपत्र हो, या मैगज़ीन, कॉमिक, पाक-विधि की पुस्तक या फिर उपन्यास हो। इसमें आपकी मातृभाषा में मैगज़ीनें, समाचारपत्र तथा पुस्तकें शामिल हो सकती हैं।

एक साथ कुछ भी करते समय अपने बच्चों से लगातार बात करते रहें। आप और आपके बच्चों के लिए जो सबसे उचित हो उस भाषा का प्रयोग करें।





## राइटिंग (लेखन)

- अपने बच्चों को उनके मित्रों और परिवारजनों के साथ बाँटने के लिए इंटरनेट पर blog/wiki शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- अपने कुछ परिवारजनों के इतिहास तथा/अथवा परिवार की कहानियों को खोजने में और उन कहानियों को अन्य परिवारजनों के साथ बाँटने के लिए रिकॉर्ड करने में अपने बच्चों की सहायता करें। फोटो की सहायता लेकर इस फैमिली बुक (पारिवारिक पुस्तक) को तैयार करें।

आपके बच्चे जो कुछ भी लिखते हैं उसके बारे में बात करें। उसमें रूचि दिखाएं। इसे वार्तालाप शुरू करने के एक साधन के रूप में प्रयोग करें। उनकी राय पर ध्यान दें।

## मैथमैटिक्स (गणित)

- जब उन्होंने 10/20/30 डॉलर की बचत कर ली हो तो अपने बच्चों के साथ मिलकर योजना बनाएं - बाहर घूमने जाते समय उनके पैसे का कैसे सबसे अच्छा उपयोग होगा?
- डॉकुमेन्टरियाँ (विवरणात्मक फिल्म) देखने में अपने बच्चों को शामिल करें। ये अधिकतर गणित वाले तथ्यों और जानकारी से भरपूर होती हैं।
- अपने बच्चों की स्पोर्ट्स टीम या पॅरफोरमेन्स ग्रुप (प्रदर्शन समूह) की तरक्की को रिकॉर्ड करने के लिए कम्प्यूटर पर स्प्रैडशीट तैयार करें (या जिसका वे पालन करते हों), जिसमें खेले गए खेल, दिए गए प्रदर्शन, पेनॉल्टी या दंड, स्कोर, उस दिन का खिलाड़ी/अभिनेता शामिल होते हैं।



आपके बच्चों का गणित की समस्याओं सुलझाना सीखने का तरीका आपके स्कूल के समय से अलग हो सकता है। उनसे कहें कि वे आपको दिखाएं कि वे कैसे सीखते हैं और शिक्षण में उनकी सहायता करें।

### अधिक जानना चाहते हैं?

अपने बच्चे की पढ़ाई और उपलब्धियों के बारे में अधिक जानकारी तथा गाइडेंस (मार्गदर्शन)के लिए, आप उसके अध्यापक से बात कर सकते हैं।

अध्यापक टिप्पणी (टीचर नोट्स) **Teacher Notes**

## What is the content of this booklet?

This booklet is a condensed version of the Supporting Your Child's Learning series of 9 fold-out sheets available in English.

The first two pages outline how parents, families and whānau can support their children's early learning – from birth until they start school. There is content about reading, writing, mathematics, learning in early childhood education services and learning at school.

There are then two pages for each year level (1–8) – the first explains what children will be able to do if they are meeting the National Standards in reading, writing and mathematics for that year level; the second gives practical, every day, fun tips and ideas for how parents, families and whānau can support their child's learning at home.

## How can I use this booklet with parents, families and whānau?

Like the fold-out sheets, this booklet can be used in discussions with parents, families, whānau and students and can be taken home as reference material. Your conversations with parents whose first language is not English could include the following messages:

- Recognising and celebrating the 'whole' child, including their identity, language and culture is important in children's learning.
- Using the family's first language at home also supports children's reading, writing and oral language learning.
- Children can learn in two languages.
- It is easier for children to learn two languages when they are younger than when they are older.
- If their child is a new learner of English, the school may decide it would be fairer to report to them using The English Language Learning Progressions for the first two or three years. The Progressions describe reading, writing, and the speaking and listening expectations for children who are new learners of English. They also help their child's teacher to provide an appropriate teaching and learning programme to help their child make fast progress in these areas. As their child's achievement in reading and writing gets closer to their peers, the school will report progress in reading and writing in relation to the National Standards. Schools will use the Mathematics Standards to report on their child's maths progress and achievement.

## How can I access different language versions?

More copies of the translated booklets can be ordered on-line from Down the Back of the Chair at www.thechair.minedu.govt.nz or by email orders@thechair.minedu.govt.nz. Each language has a unique order number that must be quoted: Arabic (order number 2010AR), Chinese (2010CH), Cook Islands Māori (2010CM), Dari (2010DR), Hindi (2010HD), Korean (2010KR), vagahau Niue (2010NU), gagana Sāmoa (2010SM), Somali (2010SL), Tagalog (2010TG), Te reo Māori (2010TM), Thai (2010TH), gagana Tokelau (2010TK), Tongan (2010TN).

Copies of the English series of fold-out sheets can also be ordered from Down the Back of the Chair. Item numbers are: Early Learning (2010EL), Year 1 (2010Y1), Year 2 (2010Y2), Year 3 (2010Y3), Year 4 (2010Y4), Year 5 (2010Y5), Year 6 (2010Y6), Year 7 (2010Y7), Year 8 (2010Y8), Years 1–8 set (2010ST).

## The content can also be accessed or downloaded at:

www.minedu.govt.nz/ParentsSupportingYourChild

Item no. 2010HD